# सूचना पत्र

## प्रशिक्षु विकास अधिकारियों की भर्ती हेतु चरण-।। : मुख्य परीक्षा

ओपन मार्केट उम्मीदवारों के लिए, चरण-।। की ऑनलाइन मुख्य परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए होगी जिन्हें चरण-। की परीक्षा के परिणाम के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया होगा ।

LIC अभिकर्ता और LIC कर्मचारियोंके लिए, केवल एकल चरण परीक्षा होगी ।

इस सूचना-पत्र में आपके ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषय वस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस सूचना-पत्र का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी:

### ओपन मार्केट उम्मीदवारों के लिए परीक्षा का स्वरूप

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | आबंटित समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तार्किक क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 50 | 50 | अंग्रेजी और हिन्दी | कुल मिलाकर 120 मिनट का एकत्रित समय |
| 2 | सामान्य ज्ञान, वर्तमान मामले, और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष जोर के साथ अंग्रेजी भाषा | 50 | 50 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| 3 | बीमा और वित्तीय विपणन जागरूकता जीवन बीमा और वित्तीय क्षेत्र के ज्ञान पर विशेष जोर के साथ | 60 | 60 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| | **कुल** | **160** | **160** | | |

### LIC अभिकर्ता प्रवर्ग के लिए परीक्षा का स्वरूप

| अनु. क्र. | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | आबंटित समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तार्किक क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिन्दी | कुल मिलाकर 120 मिनट का एकत्रित समय |
| 2 | सामान्य ज्ञान, वर्तमान मामले, और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष जोर के साथ अंग्रेजी भाषा | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| 3 | बीमा के तत्व और बीमा का विपणन | 60 | 120 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| | **कुल** | **100** | **160** | | |

## <u>LIC कर्मचारी प्रवर्ग के लिए परीक्षा का स्वरूप</u>

| **अनु. क्र.** | **प्रश्नावली का नाम** | **प्रश्नों की संख्या** | **अधिकतम अंक** | **परीक्षा का माध्यम** | **आबंटित समय** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तार्किक क्षमता और संख्यात्मक योग्यता | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिन्दी | कुल मिलाकर 120 मिनट का एकत्रित समय |
| 2 | सामान्य ज्ञान, वर्तमान मामले, और व्याकरण और शब्दावली पर विशेष जोर के साथ अंग्रेजी भाषा | 20 | 20 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| 3 | बीमा, विपणन का सिद्धांत और प्रयोग | 60 | 120 | अंग्रेजी और हिन्दी | |
| | **कुल** | **100** | **160** | | |

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; परन्तु लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि कार्यों के लिए आपको परीक्षा केन्द्र पर लगभग 180 मिनट तक उपस्थित रहना पड़ सकता है। अंग्रेजी भाषा के प्रश्नोंके अलावा प्रश्नावलियाँ अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी। दिए गए 120 मिनट के समय में आप किसी भी प्रश्नावली में से किसी भी प्रश्न को हल कर सकते हैं। सभी प्रश्न बहुविकल्पीय उत्तर वाले होंगे। प्रश्न के पांच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है। आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न के लिए आपका उत्तर माना जाएगा। अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती नही की जायेगी। तथापि आपको सलाह दी जाती है कि आप अंदाजा लगाकर उत्तर ना दें।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए प्राप्त किए जाएंगे:

(i) किसी उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा मे सही उत्तर दिये गए प्रश्नों की संख्या को सही स्कोर हासिल करने हेतु विचार मे लिया जाएगा।

(ii) इस तरह उम्मीदवार द्वारा प्राप्त सही स्कोर, इक्वेटेड स्कोर* पर पहुँचने के लिए भिन्न-भिन्न सत्रों मे आयोजित प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं मे कठिन स्तर में, यदि कोई है, छोटे मोटे अंतर को ध्यान मे रखते हुए समकक्ष बनाया जाता है।

* किसी भी परीक्षा मे उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त स्कोर्स सभी प्रकार से स्कोर्स के वितरण पर विचार करते हुए आधार प्रकृति के समकक्ष किया जाता है।

(iii) कुल अंकों को दशमलव बिन्दू के दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है।

**कृपया नोट करें कि इस सूचना-पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं। वास्तविक परीक्षा में कुछ प्रश्न या फिर सभी प्रश्न अधिक कठिन हो सकते हैं तथा अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका यहाँ वर्णन नही किया गया है।**

कुछ नमूना प्रश्न नीचे दिए गए हैं:

# तार्किक क्षमता और संख्यात्मक योग्यता

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं ।

**प्र.1.** कुछ नेता बेईमान होते हैं । नीलम नेता है । इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?
(1) नीलम ईमानदार है (2) नीलम बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) नीलम कभी-कभी बेईमान हो जाती हैं

**प्र.2.** यदि निम्नलिखित वर्णमाला के अक्षर अपना स्थान इस प्रकार बदलें कि A, Z के स्थान पर आ जाए और Z, A के स्थान पर, B, Y के स्थान पर आ जाए और Y, B के स्थान पर आ जाए, इसी तरह आगे के अक्षर भी आपस में स्थान बदल लें, तो दाए से तेरहवा अक्षर कौन सा होगा ?
A B C D E F G H I J K L M N O P Q R S T U V W X Y Z
(1) M (2) N (3) O (4) L (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** यदि शब्द "DEPRESSION" के पहले और दूसरे अक्षर को परस्पर बदल दिया जाए, तीसरे और चौथे अक्षर को भी और पांचवे और छठे अक्षर को तथा बाद के अक्षरों को भी इसी प्रकार बदल दिया जाए तो दाएं से सातवां अक्षर निम्नलिखित में से कौनसा है ?

(1) R (2) O (3) S (4) I (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?

(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) 22 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इस परीक्षा के माध्यम से संख्या संबंधी गणनाओं आदि में आपकी गति एवम् सटीकता की जाँच की जाएगी ।

निर्देश : निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी । उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिन्ह (?) लगा दिया गया है । आपको यह बताना है कि प्रश्न चिन्ह के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी । यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् ' दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' ।

**प्र.5.** $\frac{24}{65} \times \frac{13}{56} \times \frac{5}{7} = ?$

(1) $\frac{3}{49}$ (2) $\frac{15}{245}$ (3) $\frac{3}{77}$ (4) $\frac{15}{56}$ (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** (27 + 498) ÷ 25 = ?

(1) 17 (2) 25 (3) 21 (4) 12 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त ग्राफों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**निर्देश :** नीचे सारणी में 700 कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो उन 6 विशेषताओं के आधार पर वर्गीकृत है जिससे पदोन्नति में सहायता मिलती है। श्रेणी । सबसे अधिक है। सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उततर दें:

| % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.7.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.8.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.9.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्त्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## सामान्य ज्ञान, वित्तीय सचेतता और व्याकरण और शब्दसंग्रह पर विशेष आधारित अंग्रेजी भाषा

**प्र.1.** भारत और मोजाम्बिकने एक सहमति ज्ञापन को अंतिम रूप दिया है जो दोनों देशों के बीच के सम्बन्धों को मजबूत बनाएगा । MOU (सहमति ज्ञापन) ________ में सहयोग हेतु है ।

(1) नवीकरणीय ऊर्जा (2) मानव संसाधन (3) गैर नवीकरणीय अक्षय ऊर्जा (4) शांति संधि (5) व्यापार संबंधों

**प्र.2.** केन्द्रीय कृषि मंत्री ने NOWCAST का शुभारंभ किया । NOWCAST किस प्रकार की सेवा प्रदान करता है ?

(1) वित्तीय समाचार (2) मानचित्र (3) बीमा (4) बैंकिंग ऐलर्ट्स (5) मौसम ऐलर्ट

**प्र.3.** भारत के राष्ट्रीय ध्वज के डिज़ाइनर का नाम बताइए ।

(1) खुदीराम बोस (2) पिंगली वेंकैया (3) रवीन्द्रनाथ टैगोर (4) भगत सिंह (5) बेनी प्रसाद

**प्र.4.** विजय हजारे ट्रॉफी 2019-20 किस टीम ने जीती ?

(1) कर्नाटक (2) तमिल नाडु (3) छत्तीसगढ़ (4) पंजाब (5) गुजरात

**प्र.5.** मौद्रिक नीति का संबंध ________ से है ?

(1) मुद्रा की आपूर्ति में परिवर्तन (2) वित्तिय लिखितों के क्रय -विक्रय

(3) रोजगार घटाने होने (4) मुद्रा की आपूर्ति में परिवर्तन, वित्तिय लिखितों के क्रय -विक्रय और रोजगार घटाने होने सभी

(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**Q.6.** Read the sentence to find out whether there is any grammatical or idiomatic error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. That part is the answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore the errors of punctuation, if any).

The regaining of freedom (1) / as we well know has given rise for (2) / many dormant issues (3) / and conflicts in our society. (4) No error (5)

**Q.7-8. Directions :** In each of the following questions, select from amongst the five alternatives, the word most opposite in meaning of the word given in capitals.

**Q.7.** LIVELY

(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**Q.8.** INADVERTENT

(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**Q.9.** Pick out from the words given below this sentence the word which would complete the sentence correctly and meaningfully.

He wants me to look ________ his garden during his absence.

(1) at (2) over (3) after (4) into (5) from

## जीवन बीमा और वित्तीय क्षेत्र पर विशेष संबंधित बीमा और आर्थिक विपणन सचेतता

### ओपन मार्केट प्रवर्ग - बीमा और वित्तीय विपणन जागरूकता जीवन बीमा और वित्तीय क्षेत्र के ज्ञान पर विशेष जोर के साथ

**प्र.1.** तात्विक तथ्य के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(1) यह बीमा एजेंट के लाइसेन्स की जानकारी देता है

(2) यह किसी पॉलिसी में कवर किए गए सभी मैटीरियल का मूल्य है

(3) जोख़िम निर्धारण के लिए यह महत्त्वपूर्ण नहीं है

(4) यह महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह हामीदार के निर्णय को प्रभावित करता है

(5) यह महत्त्वपूर्ण नहीं है क्योंकि हामीदार के निर्णय पर इसका कोई प्रभाव नहीं होता है

***Reference IC 38***

**प्र.2.** बीमाकर्ता को जोखिम अंतरित करके ____ संभव हो जाता है।

(1) बाढ़ से लाभ लेना (2) बीमा से लाभ लेना व धन कमाना

(3) कारखाने में लगी आग से लाभ लेना (4) जहाज के डूबने का लाभ लेना

(5) निश्चिंत होकर अपने व्यवसाय की योजना और अधिक कुशलता के साथ बनाना

***Reference IC 38***

### अभिकर्ता प्रवर्ग - बीमा के तत्व एवं विपणन

**प्र.3.** विवाहित महिला संपत्ति अधिनियम 1874 किसका प्रावधान करता है?

(1) एक जीवन बीमा पॉलिसी के तहत पत्नी और बच्चों को मिलनेवाले लाभों की सुरक्षा

(2) एक साधारण बीमा पॉलिसी के तहत पत्नी और बच्चों को मिलनेवाले लाभों की सुरक्षा

(3) एक साधारण बीमा पॉलिसी के तहत बीमाकृत के लेनदारों को मिलनेवाले लाभों की सुरक्षा

(4) एक जीवन बीमा पॉलिसी के तहत बीमाकृत के लेनदारों को मिलनेवाले लाभों की सुरक्षा

(5) अदालती आदेश के प्रयोजनार्थ एक जीवन बीमा पॉलिसी के तहत मिलनेवाले लाभों की सुरक्षा

***Reference IC 38***

**प्र.4.** नीचे उल्लिखित बीमा योजनाओं में से किसमें बचत राशि का बहुत कम या न के बराबर तत्व होता है?

(1) आजीवन योजना (2) बंदोबस्ती योजना (3) मीयादी बीमा योजना

(4) मनी बैक योजना (5) दोहरी बंदोबस्ती योजना

***Reference IC 38***

**कर्मचारी प्रवर्ग - बीमा, विपणन का सिद्धांत और प्रयोग**

**प्र.5.** विदेशी व्यापार से संबंधी जोखिमों का सामना करनेवाले आयातकों और निर्यातकों को किसके द्वारा कवर किया जाता है?

(1) भारतीय बीमा विनियामक व विकास प्राधिकरण (I. R.D.A.I.)

(2) जमा बीमा व ऋण गारंटी निगम (D.I.C.G.C.)

(3) निर्यात ऋण व गारंटी निगम (E.C.G.C.)

(4) भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC)

(5) भारतीय साधारण बीमा निगम (GIC)

***Reference IC 01***

**प्र.6.** बीमाकृत किए जाने हेतु प्रस्तावित जोखिम का निर्धारण कौन-सी प्रक्रिया करती है?

(1) संविदा (2) दावे (3) आवेदन (4) हामीदारी (5) प्रस्ताव प्रपत्र

***Reference IC 02***

**Titles of the Reference books :**

| | |
|---|---|
| IC 38 | Insurance Agents Life |
| IC 01 | Principles of Insurance |
| IC 02 | Practice of Life Insurance |

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण:**

(1) परीक्षा का संचालन ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगा ।

(2) अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली के अतिरिक्त सभी प्रश्नावली द्विभाषी अर्थात् अंग्रेजी व हिन्दी में होंगी ।

(3) सभी प्रश्न बहुविकल्पीय उत्तर वाले होंगे। प्रश्न के पांच उत्तरों में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार को सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, मूल्यांकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ 'सबमिट' किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए टेस्ट सेक्शन पूरा करने का शेष समय दर्शाएगा। घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वतः समाप्त हो जाता है, आपको अपनी परीक्षा को समाप्त या सबमिट नहीं करना है।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है:

1 **आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**

2 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**

3 **आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**

4 **आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**

5 **प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने हेतु प्रश्न के चुनाव के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है:

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए अपने स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए। यदि Marked for Review प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर टेस्ट के नाम डिस्प्ले किये जायँगे। जो टेस्ट आप देखेंगे वह हाइलाइट होगी।

(15) किसी टेस्ट के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप अगली टेस्ट पर तभी पहुचेंगे जब उस टेस्ट के लिए आवंटित समय समाप्त हो जाए।

(16) दिए गए 120 मिनट के समय में आप किसी भी प्रश्नावली में से किसी भी प्रश्न को हल कर सकते हैं।

(17) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें। यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार LIC द्वारा निर्णीत अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित किए जाने का पात्र होगा।

(18) उम्मीदवार टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाये या प्रश्न परीक्षा शुरू होने से पहले पूछ सकता है। परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया जाएगा।

(19) प्रत्येक टेस्ट के लिए आबंटित समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही उस टेस्ट के किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। यदि उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया तो भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः 'सेव' कर लिए जाएंगे।

(20) **कृपया नोट करें :-**

(a) **उम्मीदवारों को परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक 'फाइनली सबमिट' करने नहीं दिया जाएगा।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार 'कंप्यूटर की-बोर्ड' के किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करें क्योंकि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी।**

**(ब) सामान्य निर्देश:**

(1) कृपया परीक्षा की तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता बुलावा पत्र से नोट करें।

(2) ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल पर जाकर परीक्षा स्थान की पुष्टि कर सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप (जैसा की बुलावा-पत्र में अंकित है) समय पर रिपोर्ट कर सकें। विलम्ब से आने वालों को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी|

(3) बुलावा पत्र पर अपना हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर अपने साथ परीक्षा स्थल पर लायें। (यथासंभव वही फोटो चिपकायें जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और LIC प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना है। यदि आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल से निष्कासित कर दिया जाएगा।

(5) बायोमैट्रिक डाटा (अंगूठे का निशान) और फोटोग्राफ परीक्षा से पहले परीक्षा स्थल पर लिया जाएगा। बायोमैट्रिक डाटा सत्यापन प्राधिकारी का इस संदर्भ में (डाटा मैच करता है या नहीं करता है) निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा। **बायोमैट्रिक डाटा कैप्चर करने/सत्यापन करने की प्रक्रिया में किसी भी अवसर पर भाग लेने से इन्कार करने पर उम्मीदवारी रद्द हो सकती है।** इस संदर्भ में कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखेः

(क) यदि उंगलियों पर कोई परत हो (स्याही/मेहंदी/रंग आदि लगी हुई) तो उन्हें धोना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा की तिथि से पहले उन पर लगी परत उतर जाए।

(ख) यदि उंगलियां मैली या धुलभरी हों तो अंगूठे के निशान के (बायोमैट्रिक) लिए जाने से पहले उन्हें धोकर सुखा लेना सुनिश्चित करें।

(ग) सुनिश्चित कर लें कि दोनों हाथों की उंगलियां सूखी हों। यदि उंगलियां नम हों तो प्रत्येक उंगली पोंछकर उसे सुखा लें।

(घ) यदि कैप्चर किया जाने वाला अंगूठा चोटिल/क्षतिग्रस्त हो तो तुरंत परीक्षा केद्र में संबंधित प्राधिकारी को सूचित करें।

(इन बिन्दुओं में से किसी का भी पालन न करने पर परीक्षा में शामिल होने से वंचित रखा जाएगा।)

(6) परीक्षा के दौरान कैलकुलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, स्मार्ट वॉच, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) स्केल, एल्गोरिथ्म टेबल या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(7) कृपया अपने फोटोग्राफ को इस बुलावा-पत्र पर चिपका कर और वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का मूल प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी अपने साथ लाएं - यह अनिवार्य है । **कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटोकॉपी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं -पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड /कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें - ई-आधार कार्ड, राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम (जैसा आपने पंजीकरण की प्रक्रिया में दिया है) फोटो पहचान पत्र पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहले/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । यदि प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान पत्र में जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । वे उम्मीदवार जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, को राजपत्रित मूल अधिसूचना/अपना विवाह मूल प्रमाण पत्र/मूल शपथपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमत किया जाएगा । फोटो पहचान का प्रमाण परीक्षा के दिन वैध होना चाहिए। LIC कर्मचारी प्रवर्ग में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के लिए, विधिवत भरा हुआ और संबंधित LIC कार्यालय के एचओडी / प्रभारी द्वारा सत्यापित घोषणापत्र, जो की बुलावा-पत्र के साथ संलग्न है, प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

(8) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि विश्लेषण प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों की नकल की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या अनुचित व्यवहार करते हुए पाए जाने पर ऐसे उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा। आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ LIC यथोचित कार्रवाई कर सकता है।

(9) आप अपने साथ एक बाल पॉइंट पेन अवश्य लाएं । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको प्रवेश-पत्र के साथ कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को सौंप देना है।

(10) परीक्षा के संचालन में कुछ एक समस्या होने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है, जिसकी वजह से टेस्ट डिलीवरी और/या रिज़ल्ट प्रभावित हो सकता है। इस स्थिति में ऐसी समस्याओं के समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमेंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालक संस्था के निर्णय पर निर्भर करेगा। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे। परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से निरस्त कर दिया जायेगा।

(11) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती है तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड़जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा। यदि परीक्षा केन्द्र पर नोड क्षमता कम है या किसी परीक्षा केंद्र पर अथवा किसी अभ्यर्थी के लिए कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः किसी प्रकार से बोलकर या लिखित में, ईलेक्ट्रोनिक या यांत्रिक प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री को अनधिकृत रूप से रखने पर अभियोग चलाया जा सकता है।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के स्थिति में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। और भविष्य में उसे LIC की किसी भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी एवं यथोचित कार्यवाही की जाएगी।

(14) कृपया नीचे दिए गए सामाजिक दूरी संबंधित निर्देशों को ध्यान से पढें ।

**नोट : किसी भी प्रकार की विसंगति की स्थिति में सूचना पत्र का अंग्रेज़ी पाठ अंतिम रूप से मान्य होगा ।**

## सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी**

   **क. मास्क**

   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

   **ग. एक सामान्य पेन**

   **घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)**

   **ड. LIC कर्मचारी प्रवर्ग में आवेदन वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत रूप से भरा व हस्ताक्षर किया हुआ घोषणापत्र**

   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

### आपको शुभकामनाएं